# Question bank

**Chapter-1 कुछ काम करो (शिक्षाप्रद कविता)**

**Q-1 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए**

(क) कविता में 'नर' कहकर किसे पुकारा गया है?

(ख) किसे निराश नहीं करना चाहिए?

(ग) किसने सब वांछित वस्तु विधान किए हैं?

(घ) धन को क्या नहीं समझना चाहिए?

**Q-2 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए**

(क) इस कविता के रचयिता कौन हैं?

(ख) कवि क्या संदेश देना चाहता है?

(ग) ईश्वर ने हमें हाथ किसलिए दिए हैं?

(घ) हम किस तरह अपनी वांछित वस्तु प्राप्त कर सकते हैं?

## Multiple Choice Questions

**(a) हमें क्या करना चाहिए?**

(i) नाम

(ii) काम

(iii) आराम

**(b) प्रभु ने हमें क्या दान किए हैं?**

(i) नियम

(ii) पाप

(iii) कर

**Chapter-2 पेड़-पौधों की उपयोगिता**

**Q-1 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए**

(क) हल्की-हल्की हवा चलने से कौन झूम रहे थे?

(ख) पेड़ ने किसे कहानी सुनने को कहा?

(ग) पेड़ हमें क्या प्रदान करते हैं?

(घ) पेड़ का परम उद्देश्य क्या है?

**Q-2 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए**

(क) सुहावना मौसम देखकर रवि ने क्या कहा?

(ख) रवि की बातें सुनकर पेड़ ने उससे क्या कहा?

(ग) पेड़ हमारे लिए कितने लाभदायक होते हैं?

(घ) रुपयों के लालच में लोग पेड़ों के साथ क्या करते हैं?

(घ) पेड़ों ने रवि से क्या प्रार्थना की?

(च) इस कहानी से हमें क्या शिक्षा मिली?

**Q-3 निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाओ**

(क) पेड़

(ख) मौसम

(ग) वातावरण

(घ) सेवा

## Multiple Choice Questions

**(a) किस महीने की सुबह रवि बाग में टहलने के लिए गया?**

(i) अगस्त

(ii) अप्रैल

(iii) फरवरी

**(b) पेड़ ने रवि को क्या सुनाया?**

(i) कहानी

(ii) कविता

(iii) लोरी

**(c) पेड़ प्रारंभ में क्या था?**

(i) पौधा

(ii) बीज

(iii) तना

**(d) पेड़ों को काटने से किसकी हानि होती है?**

(i) स्वास्थ्य की

(ii) धन की

(iii) मन की

**Chapter-3 शिष्टाचार**

**Q-1 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए**

(2)- किसी से मिलने पर सबसे पहले क्या करना चाहिए?

(3)- दूसरों के दुख में हमें क्या प्रकट करना चाहिए?

(4)- गलती हो जाने पर हमें क्या माँगना चाहिए?

(1)- घर पर आए अतिथि का स्वागत कैसे करना चाहिए?

**Q-2 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए**

(क) अतिथियों के आने पर हमें किन बातों का ध्यान रखना चाहिए?

(ख) दूसरों के घर जाने पर हमें क्या करना चाहिए?

(ग) धार्मिक स्थानों पर क्या करना चाहिए?

(घ) राष्ट्रीय पर्वों पर किन बातों का ध्यान रखना चाहिए?

**Q-3 रिक्त स्थान भरो**

(क) तुम्हारा व्यवहार सारे --------------------- की बेइज्जती करा सकता है।

(ख) अच्छा व्यवहार ही --------------------- कहलाता है।

(ग) कोई तुम्हें कुछ दे, तो उसे --------------------- कहना चाहिए।

(घ) अतिथियों का --------------------- खुशी से करो।

**Q-4 सही के सामने सही (सही ) और गलत के सामने गलत (गलत ) का चिह्न लगाइए**

(क) मोहित बहुत ही समझदार लड़का था।

(ख) मोहित के चाचा जी ने उसे शिष्टाचार के बारे में बताया।

(ग) मोहित ने चाचा जी की बताई गई बातों पर ध्यान न देने की कसम खाई।

(घ) हमें शिष्टाचार के सभी नियमों का पालन करना चाहिए।

## Multiple Choice Questions

**(a) अच्छे व्यवहार को क्या कहते हैं?**

(i) शिष्टाचार

(ii) दुराचार

(iii) भ्रष्टाचार

**(b) किसी से मिलने पर हमें उसे क्या कहना चाहिए?**

(i) आभार

(ii) नमस्ते

(iii) धन्यवाद

**(c) मोहित चाचा जी के साथ कहाँ गया था?**

(i) सरकस

(ii) गाँव

(iii) शहर

**Chapter-4 मधुमक्खी से सीखा**

**Q-1 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए**

(क) फूलों पर कौन इधर-उधर मंडराती है?

(ख) मधुमक्खी किसका रस चूसती है?

(ग) मधुमक्खी कैसा मधु बनाती है?

(घ) किसका फल मीठा होता है?

**Q-2 दिए गए प्रश्नों के उत्तर दो**

(क) मधुमक्खी किस प्रकार आती है?

(ख) मधुमक्खी इधर-उधर घूमकर किस पर मँडरा रही है?

(ग) मधुमक्खी छत्ते में फूलों का रस किस प्रकार ले जाती है?

(घ) फूलों के रस का मधुमक्खी क्या करती है?

(घ) मधुमक्खी हमें क्या संदेश देती है?

## Multiple Choice Questions

**(a) मधुमक्खी कैसी होती है?**

(i) बड़ी

(ii) छोटी

(iii) गंदी

**(b) मधुमक्खी अपने पंखों का क्या करती है?**

(i) फैलाती है

(ii) हिलाती है

(iii) सजाती है

**(c) मधुमक्खी फूलों का रस चूसकर कहाँ ले जाती है?**

(i) छत्ते में

(ii) शहर में

(iii) छत पर

**Chapter-5 पंडित जी और ठग**

**Q-1 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए**

(क) पंडित जी का क्या नाम था?

(ख) यजमान ने पंडित जी को क्या दिया?

(ग) ठग पंडित जी की किस बात से परिचित थे?

(घ) ठग के अनुसार पंडित जी का शरीर कैसा हो गया?

(घ) पंडित भोलानाथ ने क्या पीट लिया?

**Q-2 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दो**

(क) पंडित भोलानाथ का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

(ख) यजमान ने बकरी देकर पंडित जी से क्या कहा?

(ग) बकरी के साथ पंडित जी को देखकर ठगों ने क्या निश्चय किया और क्यों?

(घ) पहले ठग की बात सुनकर पंडित जी क्यों चौंक गए?

(घ) यजमान ने पंडित जी को क्या समझाया?

**Q-3 रिक्त स्थानों की पूर्ति करो**

(क) पंडित जी ----------------------------- की बातें नहीं जानते थे।

(ख) महाराज! इस बकरी को ----------------------------- कीजिए।

(ग) तीनों ठगों ने पंडित जी को ठगने का --------------------------- किया।

(घ) आप ----------------------------- करके पवित्र हो जाइए।

(घ) पंडित जी ने ----------------------------- को उलाहना दिया।

## Multiple Choice Questions

**(a) यजमान ने पंडित जी को क्या दिया?**

(i) घोड़ा

(ii) गाय

(iii) बकरी

**(b) पंडित भोलानाथ कैसे व्यक्ति थे?**

(i) भोले

(ii) शर्मीले

(iii) गोरे

**(c) पंडित जी को किसने ठग लिया?**

(i) यजमान ने

(ii) गाँववालों ने

(iii) ठगों ने

**Chapter-6 संतुलित भोजन**

**Q-1 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए**

(क) भोजन न मिलने से शरीर में किसका अभाव होता है?

(ख) चावल में कौन-सा पोषक तत्व नहीं मिलता है?

(ग) कार्बोहाइड्रेट के दो प्रमुख रूप कौन से हैं?

(घ) दुर्बल रोगियों को ताकत पहुँचाने के लिए डॉक्टर प्रायः क्या देते हैं?

(ड़) खून का लाल रंग किस खनिज तत्व के कारण होता है?

**Q-2 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए**

(क) भोजन करने के तीन उद्देश्य कौन-कौन से हैं?

(ख) संतुलित भोजन के प्रमुख तत्वों के नाम लिखिए।

(ग) कैल्शियम और फास्फोरस किस प्रकार हमारे शरीर को लाभ पहुँचाते हैं?

(घ) स्टार्च किन अनाजों और सब्जियों में पाया जाता है?

(घ) विटामिन कितने प्रकार के होते हैं और इनके मुख्य स्रोत कौन-कौन से हैं?

**Q-3 रिक्त स्थानों की पूर्ति करो**

(क) संतुलित भोजन माँसपेशियों की ---------------------------- को पूरा करता है।

(ख) भोजन के अभाव में शरीर में निर्बलता का --------------------- होने लगता है।

(ग) दूध-दही में ---------------------------- अधिक मात्र में पाया जाता है।

(घ) ------------------ और ------------------ से हमारे दाँत और हड्डियाँ मजबूत बनते हैं।

**Q-4 हमें कौन-सा तत्व किससे मिलता है, मिलान कीजिए**

| | |
|---|---|
| (क) विटामिन 'डी' | (i) ग्लूकोज |
| (ख) शक्कर | (ii) हरी पत्तेदार सब्ज़ियाँ |
| (ग) विटामिन 'सी' | (iii) धूप |
| (घ) लोहा | (iv) क्लोरीन |
| (ङ) नमक | (v) आँवला |

## Multiple Choice Questions

**(a) वायु और जल के पश्चात इंसान की सबसे बड़ी आवश्यकता क्या होती है?**

(i) मकान

(ii) भोजन

(iii) पैस

**(b) मानव शरीर के अंगों एवं माँसपेशियों में किससे छीजन होती रहती है?**

(i) भोजन करने से

(ii) आराम करने से

(iii) दैनिक कार्यों से

**(c) भोजन से हमें क्या प्राप्त होता है?**

(i) शक्ति

(ii) सुंदरता

(iii) भक्ति

**Chapter-7 रेलगाड़ी का निर्माण**

**Q-1 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए**

(क) बहुत समय पहले लोग कैसे मीलों लंबी यात्र करते थे?

(ख) छोटे-मोटे व्यापारी किस पर अपना समान लादते थे?

(ग) किसके आविष्कार से यात्र सुगम व सस्ती लगने लगी?

(घ) सरपट भागते घोड़े के पीछे क्या जुघा था?

(घ) लोहे की पटरियों को क्या नाम दिया गया?

**Q-2 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए**

(क) पाठ के अनुसार कौन-कौन चलता है?

(ख) पैदल यात्र करने में मनुष्य को क्या-क्या परेशानियाँ होती थीं?

(ग) पालकी का प्रयोग किस प्रकार किया जाता था?

(घ) नदी द्वारा यात्र करने का चलन किस प्रकार आरंभ किया गया?

(घ) पहली रेलगाड़ी कैसी थी और उसे क्या कहा जाता था?

**Q-3 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए**

(क) ----------------------------- का स्वभाव ही है चलना।

(ख) लंबी यात्रओं के लिए ----------------------------- का प्रयोग किया जाने लगा।

(ग) घोड़ों के द्वारा यात्र करने में समय भी कम लगता था और-------------------------- भी कम होती थी।

(घ) बाद में --------------------------- की यात्र नाव द्वारा की जाने लगी।

## Multiple Choice Questions

**(a) पाठ के अनुसार हम सभी का मनपसंद शौक क्या है?**

(i) घूमना

(ii) खाना

(iii) गाना

**(b) पैदल यात्री लंबी यात्रओं में किस प्रकार मर जाया करते थे?**

(i) थककर

(ii) बीमार होकर

(iii) भूखे रहकर

**(c) पालकियाँ तब प्रयोग में लाई जाती थीं, जब साथ में**

(i) बच्चे हों

(ii) स्त्रियाँ हों

(iii) पुरुष हों

**Chapter-8 रबड़ की आत्मकथा**

**Q-1 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए**

(क) रबड़ के पेड़ से दूध कैसे निकाला जाता है?

(ख) किसका लिखा मिटाने के लिए रबड़ का उपयोग होता है?

(ग) रबड़ पर किसका प्रभाव नही होता है?

(घ) रबड़ से बने जूते किस मौसम में पहने जाते हैं?

**Q-2 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए**

(क) रबड़ के पेड़ से कैसा पदार्थ निकलता है?

(ख) रबड़ के पेड़ से कितना दूध निकाला जा सकता है?

(ग) रबड़ से कौन-सी वस्तुएँ बनाई जाती हैं?

(घ) रबड़ से बनी वस्तुएँ टिकाऊ क्यों होती हैं?

(घ) रबड़ में कौन-कौन से गुण पाए जाते हैं?

**Q-3 'हाँ' या 'नहीं' लिखकर उत्तर दो**

(क) रबड़ का जन्म जानवरों के द्वारा होता है।

(ख) रबड़ के पेड़ से चाय जैसा पदार्थ निकलता है।

(ग) रबड़ बहुत अनुपयोगी होती है।

(घ) रबड़ में बहुत सारे गुण होते हैं।

(घ) रबड़ से बनी वस्तुएँ टिकाऊ होती हैं।

## Multiple Choice Questions

**(a) राहुल से कौन बातें कर रहा था?**

(i) पेंसिल

(ii) रबड़

(iii) पुस्तक

**(b) रबड़ का दूध कहाँ बेचा जाता है?**

(i) गाँवों में

(ii) नदियों में

(iii) कारखानों में

**(c) राहुल क्या बना रहा था?**

(i) चित्र

(ii) खाना

(iii) कविता

**Chapter-9 चूहा चला दिल्ली (शिक्षाप्रद कविता)**

**Q-1 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए**

(क) चूहा कहाँ जा रहा था?

(ख) बिल्ली क्या लगाए रहती थी?

(ग) चूहे ने दरवाजे पर क्या लगाने के लिए कहा?

(घ) पहले जहाँ लाट साहब रहते थे, वहाँ अब कौन रहता है?

**Q-2 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए**

(क) चूहे ने चुहिया से क्या-क्या माँगा?

(ख) चूहे ने चुहिया को क्या-क्या हिदायतें दीं?

(ग) आजादी का जश्न कब मनाया जाता है और इसका क्या महत्व है?

(घ) चूहा दिल्ली जाकर क्या-क्या करना चाहता है?

(घ) आजादी के दिन लालकिले पर क्या-क्या होता है?

## Multiple Choice Questions

**(a) चूहा बड़े सेठ के घर से क्या लाया था?**

(i) घड़ी

(ii) जूते

(iii) पगड़ी

**(b) आजादी का जश्न देखने के लिए चूहा कहाँ जाने की बात करता है?**

(i) कोलकाता

(ii) दिल्ली

(iii) जयपुर

**(c) चूहा दरवाजे पर क्या लगाने के लिए कहता है?**

(i) ताला

(ii) किल्ली

(iii) परदा

**Chapter-10 कश्मीर की सैर (सैर-सपाटा)**

**Q-1 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए**

(क) श्रीनगर के निकट कौन-से दो प्रसिद्ध पिकनिक स्थल हैं?

(ख) कहाँ पर बर्फ़ का पुल बनता है जिसके नीचे से पानी बहता रहता है?

(ग) कश्मीर में कौन-सा पठार केसर की खेती के लिए प्रसिद्ध है?

(घ) कश्मीर के बच्चे किसके समान मोहक लगते हैं?

**Q-2 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए**

(क) पर्यटक कश्मीर तक किस प्रकार पहुँच सकते हैं?

(ख) कश्मीर जाते हुए मार्ग में कौन-कौन से पहाड़ी गाँव पड़ते हैं?

(ग) कश्मीर के लोगों की विशेषताएँ लिखिए।

(घ) कश्मीर की कौन-सी चीज विश्व-प्रसिद्ध है?

(घ) कश्मीर के लोग किस प्रकार खेती करते हैं?

**Q-3 कश्मीर की कुछ प्रसिद्ध चीजों के नाम लिखो**

(क) फल

(ख) खूबसूरत स्थान

(ग) पहाड़ी गाँव

(घ) सीढ़ीदार खेत की फ़सल

(घ) कश्मीर की फ़सल

**Q-4 सही और गलत**

(क) कश्मीर को ‘भारत का स्वर्ग’ कहा जाता है।

(ख) डल झील पर बने उद्यान का नाम ‘शास्त्री पार्क’ है।

(ग) पहलगाँव से चंदनवाड़ी तक घोड़ों पर जाना पड़ता है।

(घ) कश्मीर के सूखे मेवे बहुत प्रसिद्ध हैं।

(घ) कश्मीर जाने के लिए पहले शिमला पहुँचना पड़ता

## Multiple Choice Questions

**(a) भारत का स्वर्ग किसे कहा जाता है?**

(i) जयपुर को

(ii) आगरा को

(iii) कश्मीर को

**(b) कश्मीर जाने के लिए सबसे पहले कहाँ पहुँचना पड़ता है?**

(i) पहलगाँव

(ii) श्रीनगर

(iii) जम्मू

**(c) कश्मीर की कौन-सी झील प्रसिद्ध है?**

(i) डल

(ii) मेशल

(iii) वूलर

**Chapter-11 दोहे (दोहावली)**

**Q-1 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए**

(क) भगवान किसके हृदय में वास करते हैं?

(ख) बुराई करने पर क्या नहीं मिल पाएगा?

(ग) प्रेम का धागा दोबारा जोड़ने पर उसमें क्या हो जाता है?

(घ) किस प्रकार के पेड़ का ऊँचा होना व्यर्थ कहा गया है?

**Q-2 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए**

(क) सच के महत्व को बताइए।

(ख) गुरु को भगवान से भी ऊँचा क्यों माना गया है?

(ग) कवि साईं से कितना माँग रहे हैं?

(घ) कवि प्रेम के धागे को तोड़ने के लिए मना क्यों कर रहे हैं?

(घ) कवि किस प्रकार कार्यों को टालने के लिए मना कर रहे हैं?

## Multiple Choice Questions

**(a) किससे बड़ा तप नहीं होता?**

(i) साँच से

(ii) आँच से

(iii) काँच से

**(b) किसी की बुराई चाहने पर क्या नहीं मिलता?**

(i) सुख

(ii) दुख

(iii) प्रेम

**(c) गोविद के बारे में किसने बताया?**

(i) कवि ने

(ii) लेखक ने

(iii) गुरु ने

**Chapter-12 तेनालीराम की हाजिर जवाब**

**Q-1 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए**

(क) राजा का बगीचा किससे भर गया?

(ख) राजा किसको देखकर बहुत खुश हुए?

(ग) सेना को देखकर कौन डरकर भाग जाएगा?

(घ) तेनालीराम कौन-से फूल तोड़ने लग गया?

**Q-2 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए**

(क) बगीचे को फूलों से भरा देखकर राजा ने मंत्री से क्या कहा?

(ख) राजा की आज्ञा का मंत्री ने क्या जवाब दिया?

(ग) सेनापति ने राजा की बात का क्या उत्तर दिया?

(घ) राजा ने तेनालीराम को क्या आज्ञा दी?

(घ) राजा की आज्ञा पालन के लिए तेनालीराम ने क्या बुद्धिमानी दिखाई?

**Q-3 खाली स्थान भरो**

(क) राजा -------------------------- का बगीचा फूलों से भर गया।

(ख) राजा की बात सुनकर मंत्री की -------------------- पतली हो गई।

(ग) राजा ने सेनापति को अपने -------------------------- की बात बताई।

(घ) खबरदार! एक भी फूल -------------------------- न पाए।

## Multiple Choice Questions

**(a) राजा का बगीचा किससे भर उठा?**

(i) फूलों से

(ii) चूहों से

(iii) आदमियों से

**(b) परियाँ किसे देखकर डरकर भाग जाएँगी?**

(i) सेना

(ii) राक्षस

(iii) भूत

**(c) सेनापति ने राजा को किसका नाम सुझाया?**

(i) बीरबल का

(ii) तेनालीराम का

(iii) टोडरमल का